ailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com

Solved Question Bank (In Hindi)

# मेन्टल हेल्थ एण्ड साइकियाट्रिक नर्सिंग

# Mental Health & Psychiatric Nursing For GNM Students

Previous 5 Years Question Papers

As per the INC Syllabus

Arjita Sengar

2nd Edition

JAYPEE

# अनुक्रमाणिका

## SOLVED PAPERS


1. Mental Health and Psychiatric Nursing, November 2023 — 3
2. Mental Health and Psychiatric Nursing, November 2022 — 13
3. Mental Health and Psychiatric Nursing, December 2021 — 21
4. Mental Health and Psychiatric Nursing, August 2020 — 36
5. Mental Health and Psychiatric Nursing, August 2019 — 57


## OTHER IMPORTANT QUESTIONS


6. Short Notes — 83
7. Long Answers — 133
8. Multiple Choice Questions — 157
9. Fill in the Blanks — 189
10. True and False — 199

# MENTAL HEALTH AND PSYCHIATRIC NURSING

## December 2021

**Course:** Diploma in General Nursing and Midwifery **Year:** Second

**Subject:** Mental Health and Psychiatric Nursing **Code:** 4508

**Time:** 3 hours **M. Marks:** 75

**1. Four options of answer of each question are given. Only one option is correct. Choose and write only correct option after writing question no. (1 × 5 = 5)**

**1.1 Fear of height is termed as:**

**ऊंचाई के डर के रूप में कहा जाता है:**

(a) Acrophobia (एक्रोफोबिया)

(b) Claustrophobia (क्लेस्ट्रोफोबिया)

(c) Algophobia (अल्गोफोबिया)

(d) Gamophobia (गेमोफोबिया)

**उत्तर** (a) Acrophobia (एक्रोफोबिया) 1

**1.2 The Indian Lunacy Act was passed during the year.**

**इंडियन ल्यूनेसी एक्ट वर्ष के दौरान पारित किया गया था।**

(a) 1987

(b) 1947

(c) 1992

(d) 1942

**उत्तर** (a) 1987 1

**1.3 Retirement is an example of which type of crisis.**

**सेवानिवृत्ति किस प्रकार के संकट का एक उदाहरण है।**

(a) Social (सामाजिक)

(b) Maturational (परिपक्वता)

(c) Situational (स्थितिजन्य)

(d) Multiple (एकाधिक)

**उत्तर** (c) Situational (स्थितिजन्य) 1

**1.4 Which one of the following is a commonest condition associated with high risk of suicide?**

**निम्नलिखित में से कौन सा एक सामान्य स्थिति है जो आत्महत्या के उच्च जोखिम से जुड़ी है।**

JAYPEE BROTHERS

(a) Hypomania (हाइपोमेनिया)
(b) Major depression (बड़ी मंदी)
(c) Chronic schizophrenia (क्रोनिक सिजोफ्रेनिया)
(d) Drug abuse (दवाई का दुरुपयोग)

**उत्तर** (c) Chronic schizophrenia (क्रोनिक सिजोफ्रेनिया) 1

**1.5 The most common cause of dementia is:**
**मनोभ्रंश का सबसे आम कारण है।**

(a) Multiple sclerosis (मल्टीपल स्केलेरोसिज)
(b) Depression (डिप्रेशन)
(c) Alzheimer's disease (अल्जाइमर रोग)
(d) Mania (उन्माद)

**उत्तर** (c) Alzheimer's disease (अल्जाइमर रोग) 1

**2. Choose right and wrong in the following statements: (1 × 5 = 5)**

**2.1 Informed consent should be taken before ECT.**
**ईसीटी से पहले सूचित सहमति ली जानी चाहिए।**

**उत्तर** सही 1

**2.2 Indian Mental Health Act form in 1989.**
**1989 में भारतीय मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम बना।**

**उत्तर** गलत 1

**2.3 Behavior Therapy is not one type of psychosocial therapy.**
**व्यवहार चिकित्सा एक प्रकार की मनोसामाजिक चिकित्सा नहीं है।**

**उत्तर** गलत 1

**2.4 MMSE stand for minor mental status examination.**
**Minor मानसिक स्थिति परीक्षा के लिए MMSE स्टैंड।**

**उत्तर** गलत 1

**2.5 Token Economy is a form of reinforcement.**
**टोकन अर्थव्यवस्था सुदृढीकरण का एक रूप है।**

**उत्तर** सही 1

**3. Fill up the blanks: (1 × 5 = 5)**

**3.1 Complete absence of speech is called ...................**
भाषण की पूर्ण अनुपस्थिति को ......................... कहा जाता है।

**उत्तर** Dysphasia 1

**3.2 Schizophrenia is a ................... disease.**
सिजोफ्रेनिया एक .................... बीमारी है।

**उत्तर** Mental 1

JAYPEE BROTHERS

**3.3 Lithium drug is used in .............................. disease.**

...................... बीमारी में लिथियम दवा का उपयोग किया जाता है।

**उत्तर** Bipolar mood disorder 1

**3.4 ECT is given to a patient for .......................... second.**

ईसीटी एक रोगी को .................... दूसरे के लिए दिया जाता है।

**उत्तर** 20 min 1

**3.5 Normal IQ level is ..........................**

सामान्य IQ स्तर है ..........................

**उत्तर** 85–115 1

**4. Write short notes on any 4 of the following.**

**4.1 History collection of mental health and illness.**

**मानसिक स्वास्थ्य और बीमारी के लिए इतिहास संग्रह।**

**उत्तर इतिवृत्त इकत्रित करना**

**परिभाषा**

मानसिक रोगी की इतिवृत्त उसके जीवन का रिकॉर्ड होता है जो एक मनोचिकित्सक रोगी को समझने में सहायक होती है जैसे वह व्यक्ति कौन है, कहाँ से आया है तथा उसके जीवन में क्या-क्या घटित हुआ है।

**उद्देश्य**

- रोगी के अनुकूल (adoptive) एवं प्रतिकूल (maladoptive) व्यवहार का व्याख्यान मिलता है।
- प्राथमिकताओं को बनाने में सहायता मिलती है।
- समस्याओं का पता चलता है।
- रोगी की संभावित रोग के प्रति क्या प्रतिक्रिया होगी, इसका अनुमान लगा सकते हैं।
- रोगी की अवधारणा का अवलोकन होता है।
- नर्सिंग केयर प्लान बनाने में सहायक होता है।

**घटक (Components)**

- **पहचान संबंधित डाटा (Identification data):** इसमें नाम, आयु, लिंग, शैक्षणिक स्तर, विवाह स्तर, धर्म, व्यवसाय आदि रिकॉर्ड किया तथा पूछा जाता है।
- **सूचनादाता (Informant):** मानसिक रोगी के विषय में सूचना देने वाले व्यक्ति का पूरा ब्यौरा लिखते है जैसे नाम, रोगी से संबंध, रोगी से निकटता, रोगी में रुचि एवं उसका कारण आदि।

JAYPEE BROTHERS

- **मुख्य समस्याएँ (Chief complaints):** रोगी भर्ती के समय किस समस्याओं से भर्ती हुआ था। दोनों, रोगी एवं सूचनादाता की बातें रिकॉर्ड की जाती हैं।
- **प्रस्तुत रोग (Present illness):** जो समस्याएँ हैं वह कब से आरंभ हुई है तथा उनकी प्रकृति (nature) कैसी है। यह समस्या सामान्य रूप से उत्पन्न हुई हैं या किसी विशेष कारण से जैसे मृत्यु, भयानक अनुभव आदि)।
- **उपचार की इतिवृत्त (Treatmeat history):** रोगी क्या दवाएँ ले रहा है। यदि उसकी थेरेपी चल रही है तो उसके बारे में पता लगाएँगे।
- **अतीत की इतिवृत्त (Past history of illness):** पहले रोगी को कोई चिकित्सकीय या शल्यचिकित्सकीय रोग था । मानसिक रोग पुराना है या नया आदि। यदि रोगी किसी अस्पताल में भर्ती रहा है तो वहाँ के बारे में पूरी जानकारी।
- **पारिवारिक इतिवृत्त (Family history):** पारिवारिक संरचना, पारिवारिक संबंध, परिवार में मानसिक रोग की इतिवृत्त, परिवार में आपसी संबंध आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का पता करें तथा परिवार की सांस्कृतिक एवं धार्मिक झुकाव का पता लगाना।
- **व्यक्तिगत इतिवृत्त (Personal history):** रोगी के बचपन से लेकर बड़े होने तक पूरी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित करेंगे । इसमें शामिल है शिक्षा, खेल-कूद, दोस्त एवं उनसे संबंध, यौवनावस्था में भावनात्मक समस्याएँ। बचपन से बड़े होने तक जीवन में कोई बड़ा हादसा या परिवर्तन आदि।
- **व्यवसायिक इतिवृत्त (Occupational history):** किस आयु में कार्य आरंभ किया था, कार्य कितनी जल्दी बदले एवं बदलने के कारण थे, क्या काम और तनाव में कोई संबंध है।
- **वैवाहिक एवं कामुक इतिवृत्त (Marital and sexual history):** विवाह पसंद का है या व्यवस्थित (arranged), उम्र विवाह की अवधि, पत्नि एवं उसके परिवारवालों के साथ संबंध कैसे हैं। क्या रोगी अपने विवाह, पत्नि या पति एवं बच्चों से संतुष्ट है।
- **व्यक्तित्व (Personality):** इसमें रोगी की बीमारी से पहले के व्यक्ति के बारे में पता लगाया जाता है जैसे उसकी पसंद-नापसंद, दृष्टिकोण, घबराहट, जीवन एवं जीवन की घटनाओं के प्रति उसका दृष्टिकोण आदि।

**4.2 Importance of therapeutic behavior therapy. व्यवहार चिकित्सा का महत्व**

**उत्तर व्यवहारिक थेरेपी का महत्त्व (Importance of therapeutic behavior therapy)**

- व्यवहार चिकित्सा एक संक्षिप्त एवं यथार्थ (real) विधि है। चूँकि इसमें लक्ष्य व्यवहार (target behavior) निश्चित कर किया जाता है तथा प्रयोग की जाने वाली प्रविधि भी तय कर की जाती है, इस प्रविधि से प्राप्त

JAYPEE BROTHERS

परिणामों पर अधिक निर्भर किया जा सकता है तथा इसके परिणामों को एक वैज्ञानिक ढंग से रिपोर्ट किया जा सकता है उन पर विचार विमर्श किया जा सकता है।

- व्यवहार चिकित्सा, सीखने के नियमों (principles of learning) पर आधारित होती है, अतः इसमें चिकित्सक की योग्यता एवं दक्षता आदि पर निर्भरता भी नहीं रहती। इस दृष्टि से कम दक्ष चिकित्सक भी इस विधि का उपयोग सफलतापूर्वक कर सकते हैं।
- इसके द्वारा उपचार करने में अन्य विधियों की तुलना में कम समय लगता है तथा खर्च भी कम होता है। इसमें सहयोगी कार्यकर्ताओं (helpers) की आवश्यकता भी कम पड़ती है।
- मानसिक रोगों को सिर्फ मेडिकल मॉडल के दृष्टिकोण से देखना अनुचित हैं। इनका मनोगतिकी विकल्प (Psychodynamic alternative) भी उपलब्ध है। यह बात व्यवहार चिकित्सा ने साबित कर दी है।
- इससे ऐसे रोगों के उपचार में सहायता मिलती हैं जिनका एक स्पष्ट दैहिक आधार होता है।
- इस प्रद्धति द्वारा उपचार में तुलनात्मक रूप से अधिक वस्तुनिष्ठता, विश्वसनीयता और वैधता है।

**4.3 Group therapy. ग्रुप थेरेपी या ग्रुप साइकोथेरेपी**

**उत्तर ग्रुप थेरेपी या ग्रुप साइकोथेरेपी (Group therapy)**

इस थेरेपी में दो या दो से अधिक मानसिक रोगियों का एक ग्रुप बनाकर उन्हें एक योग्यता प्राप्त (Qualified) थैरेपिस्ट (Therapist) उपचार प्रदान करता है। इस थेरेपी में रोगियों को एक दूसरे से मिलने, बात करने एवं अपने अनुभव को बाँटने का भी मौका मिलता है।

**ग्रुप थेरेपी के उद्‌देश्य (Objectives of group therapy)**

- यह रोगी की घबराहट (Anxiety) को कम करने में सहायता प्रदान करता है।
- यह रोगी को मौका देता है कि वह उपयुक्त व्यवहार करे एवं नियमों का पालन कर खुद को अनुशासित करना सीखे।
- रोगी अपनी समस्याओं को पहचान कर समूह की सहायता से उनका समाधान कर सकता है।
- इसमें सदस्यों को एक दूसरे से बात करने एवं जुड़ने का मौका मिलता है जिससे वे अपने आप को अकेला महसूस नहीं करते।

**ग्रुप का आकार (Size of group)**

ग्रुप थेरेपी में 8–10 सदस्य होने चाहिए।

JAYPEE BROTHERS

**अवधि (Duration)**

ग्रुप थेरेपी में समस्याओं के समाधान के लिए एवं परस्पर सहयोग देने के लिए 30–45 मिनट का समय होना चाहिए।

**ग्रुप थेरेपी के लाभ (Advantages of group therapy)**

- ग्रुप थेरेपी में अन्य लोगों के रोग का विकास देख सदस्यों के मन में उम्मीद एवं सकारात्मकता (Positivity) पैदा होती है।
- अपने जैसे अन्य सदस्यों को देखकर एवं समान समस्याएँ देखकर रोगी की घबराहट (Anxiety) कम हो जाती है।
- थेरेपी के दौरान दवाइयों एवं समस्याओं को हल (Problem solving) करने से संबंधित कई जानकारी दी जाती हैं, जो कि सभी सदस्यों के लिए लाभप्रद होती हैं।
- ग्रुप थेरेपी में सभी सदस्य एक दूसरे की सहायता करते हैं। ऐसा करने से उनके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है।
- ग्रुप थेरेपी में सदस्यों को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है तथा अपने अनुभव बाँटने का मौका मिलता है।
- ग्रुप थेरेपी में लोगों को बोलने का मौका मिलता है जिससे उनका भावनात्मक तनाव (Emotional tension) बाहर निकल जाता है।

**ग्रुप थेरेपी में नर्स का रोल (Role of nurse in group therapy)**

ग्रुप थेरेपी में नर्स निम्नलिखित भूमिका निभाती है:–

- विश्लेषक (Analyst)
- स्पष्टकर्ता (Explainator)
- रोल-मॉडल (Role model)
- संसाधन प्रबंधन (Resource person)
- रिकार्डर (Recorder)
- समर्थक (Supporter)

**4.4 Nursing Care of Manic adult Patient उन्मत वयस्क रोगी की नर्सिंग देखभाल**

**उत्तर** **वर्ष 2020 की प्रश्न संख्या 5.2 देखें।**

**4.5 Mini mental status examination. मिनी मानसिक स्थिति परीक्षा**

**उत्तर लघु मानसिक स्थिति परीक्षा।**

लघु मानसिक स्थिति परीक्षा वृद्ध व्यक्तियों में बोध दुर्बलता (Cognitive impairment) को मापने के लिए प्रयोग की जाती है। इसे फोलस्टेन (Folstein) एवं साथियों ने तैयार किया है।

- यह 30 पाइंट की प्रश्नावली (questionnaire) है।
- इस टेस्ट को 5 से 10 मिनट के समय में किया जाता है।
- यह मानसिक स्थिति परीक्षण (Mental status examination) से भिन्न है।

JAYPEE BROTHERS

r detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothe

Solved Question Bank (In Hindi)

# मेन्टल हेल्थ एण्ड साइकियाट्रिक नर्सिंग

## Mental Health & Psychiatric Nursing

विशेष गुण (Salient features)

- इस पुस्तक में पिछले पाँच वर्ष के पूर्ण समाधित (Fully solved) प्रश्न पत्र दिए गए हैं।
- हिन्दी एवं अंग्रेज़ी, दोनों ही भाषा का प्रयोग किया गया है ताकि भाषा को सरल एवं समझने में आसान बनाया जा सके।
- हिन्दी के संग अंग्रेज़ी के शब्दों का भी प्रयोग किया गया है ताकि यह पुस्तक, दोनों भाषाओं में पढ़ने वाले बच्चों को लाभ पहुँचाए।
- प्रश्न पत्र के अलावा अन्य महत्वपूर्ण एवं संभावित प्रश्न तथा विगत वर्षों में आए प्रश्न भी Short notes एवं Long notes के रूप में पुस्तक में दिए हैं, जिससे इसमें 2010 से सभी प्रश्न पत्र के उत्तर मिल जाएँगे।
- अभ्यास के लिए अतिरिक्त MCQ's, Fill in the blanks एवं True/false भी दिए गए हैं, जो किसी न किसी नर्सिंग परीक्षा में आए हैं।
- प्रश्न के उत्तरों को आसान भाषा में पॉइंट्स में लिखा है तथा जहाँ आवश्यक है वहाँ Flowcharts का भी प्रयोग किया है, ताकि उत्तर याद रखने में आसानी रहे।

अर्जिता सेंगर ने BSc (Nursing), Maharashtra University of Health Sciences, नासिक से किया है तथा वह यूनिवर्सिटी की 'Gold Medalist' रही हैं। उन्होंने MSc (Obstetric and Gynecological Nursing), Rajiv Gandhi University of Health Sciences, Bangalore से किया है। साथ ही उन्होंने Symbiosis Centre of Health Care, Pune से Postgraduate Diploma, Hospital and Healthcare Management भी प्राप्त किया है। उन्होंने अपने विषय नर्सिंग में वर्ष 2023 में PhD की डिग्री भी प्राप्त की है। इनको 13 वर्ष से भी अधिक teaching experience है। Research के क्षेत्र में भी काफी अग्रसर हैं। कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय Journal में इनके पेपर पब्लिश हुए हैं तथा कई पेपर प्रेज़ेंट भी कर चुकी हैं। वह लेखन में विशेष रूचि रखती हैं तथा कई संस्थानों की वार्षिक पत्रिकाओं की संपादक भी रह चुकी हैं।

*Printed in India*

**Available at all medical bookstores or buy online at www.jaypeebrothers.com**

JAYPEE

**JAYPEE BROTHERS**
**Medical Publishers (P) Ltd.**
EMCA House, 23/23-B, Ansari Road,
Daryaganj, New Delhi - 110 002, INDIA
www.jaypeebrothers.com

Join us on f facebook.com/JaypeeMedicalPublishers

ISBN 978-93-5696-644-4

9 789356 966444